(2) प्रतिकुलाधिपति विश्वविद्यालय का अकार्यकारी प्रमुख होगा और शासक बोर्ड के अधिवेशनों की अध्यक्षता करेगा तथा विश्वविद्यालय परि-द् का उपाध्यक्ष होगा ।

(3) प्रतिकुलाधिपति का यह कर्तव्य होगा कि वह शासक बोर्ड द्वारा किए गए विनिश्चयों के नि-ठापूर्वक कार्यान्वयन को सुनिश्चित करे ।

(4) प्रतिकुलाधिपति, ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग और ऐसे अन्य कर्तव्यों का पालन करेगा, जो उसे इस अधिनियम या विश्वविद्यालय के परिनियमों के अधीन सौंपे जाएं या शासक बोर्ड के विनिर्दि-ट संकल्प के माध्यम से उसे प्रत्यायोजित किए जाएं ।

प्रधान ।

22. (1) विश्वविद्यालय का प्रधान सशस्त्र बलों के तीन स्टार जनरल या समतुल्य की श्रेणी के सेवारत अधिकारियों में से कुलाध्यक्ष के पूर्वानुमोदन से ऐसी रीति में और ऐसे निबंधनों और शर्तों पर, जो परिनियमों द्वारा विहित की जाएं, कुलाधिपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा ।

(2) प्रधान, सुरक्षा बलों के कमांडर इन चीफ की हैसियत रखेगा और उसकी पदावधि न्यूनतम दो व-र् होगी, जिसे ऐसी निवृत्ति आयु के अधीन रहते हुए, जो परिनियमों द्वारा विहित की जाएं, तीन व-र् तक बढ़ाया जा सकेगा ।

(3) प्रधान, विश्वविद्यालय का प्रधान शैक्षणिक और कार्यपालक अधिकारी होगा ।

(4) प्रधान, विश्वविद्यालय के कार्यकलापों का साधारण पर्यवेक्षण और नियंत्रण करेगा और विश्वविद्यालय के सभी प्राधिकरणों के विनिश्चयों को प्रभावी करेगा ।

(5) प्रधान, विश्वविद्यालय के समुचित प्रशासन के लिए और उसमें शिक्षा देने और अनुशासन बनाए रखने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस अधिनियम और परिनियमों, अध्यादेशों और विश्वविद्यालय के नियमों तथा विनियमों का सम्यक् रूप से पालन सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा ।

(6) प्रधान, ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग और ऐसे अन्य कर्तव्यों का पालन करेगा, जो उसे इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए परिनियमों और अध्यादेशों द्वारा सौंपे जाएं या जो शासक बोर्ड के विनिर्दि-ट संकल्प के माध्यम से उसे प्रत्यायोजित किए जाएं ।

उप प्रधान ।

23. (1) उप प्रधान, ऐसी रीति में और ऐसे निबंधनो और शर्तों पर, जो परिनियमों द्वारा विहित किए जाएं, कुलाध्यक्ष द्वारा नियुक्त किया जाएगा ।

(2) उप प्रधान की पदावधि ऐसी होगी जो विश्वविद्यालय के परिनियमों में अधिकथित की जाए ।

(3) उप प्रधान ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कर्तव्यों का पालन करेगा जो उसे इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन विरचित परिनियमों और अध्यादेश द्वारा या प्रधान द्वारा सौंपे या प्रत्यायोजित किए जाएं ।

कुलसचिव।

24. (1) कुलसचिव की नियुक्ति शासक बोर्ड द्वारा सुरक्षा बलों के ब्रिगेडियर या

समतुल्य की श्रेणी के सेवारत अधिकारियों में से ऐसे निबंधनों और शर्तों पर, जो शासक बोर्ड द्वारा विहित की जाएं, की जाएगी ।

(2) कुल सचिव विश्वविद्यालय परि-द्, शासक बोर्ड, विद्या परि-द् और ऐसी अन्य समितियों के सचिव के रूप में कार्य करेगा, जो परिनियमो द्वारा विहित की जाएं ।

(3) कुल सचिव, विश्वविद्यालय के अभिलेखों, सामान्य मुद्रा और ऐसी अन्य संपत्तियों का अभिरक्षक होगा, जो शासक बोर्ड उसके भारसाधन में सुपुर्द करे ।

(4) कुल सचिव अपने कृत्यों के समुचित निर्वहन के लिए प्रधान के प्रति उत्तरदायी होगा/होगी ।

(5) कुल सचिव को विश्वविद्यालय की ओर से करार करने, दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने, अभिलेखों को अधिप्रमाणित करने की शक्ति होगी और वह ऐसे अन्य कर्तव्यों का पालन करेगा, जो इस अधिनियम के अधीन विरचित परिनियमों और अध्यादेशों द्वारा विहित किए जाएं या जो प्रधान द्वारा उसे सौंपे जाएं ।

अन्य अधिकारी ।

25. विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों की नियुक्ति की रीति और शक्ति तथा कर्तव्य ऐसे होंगे, जो परिनियमों में अधिकथित हों ।

केंद्रीय सरकार द्वारा अनुदान ।

26. (1) विश्वविद्यालय को इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों का दक्षतापूर्वक निर्वहन करने में समर्थ बनाने के लिए केंद्रीय सरकार, रक्षा मंत्रालय के माध्यम से प्रत्येक वित्तीय व-र्ा में ऐसी धनराशि का और ऐसी रीति में, जो वह उचित समझे, इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के मुख्यालय के अधीन आबंटित कोड शी-र्ा में संदाय कर सकेगी,

विश्वविद्यालय की निधि ।

27. (1) विश्वविद्यालय एक निधि रखेगी, जिसमें निम्नलिखित जमा किया जाएगा, अर्थात् :--

(क) ऐसे सभी धन, जो केंद्रीय सरकार द्वारा दिए जाएं ;

(ख) विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त सभी फीसें और अन्य प्रभार ;

(ग) विश्वविद्यालय द्वारा ऋण, अनुदान, दान, संदान, उपकृति, वसीयत या अंतरण द्वारा प्राप्त सभी धन ;

(घ) विश्वविद्यालय द्वारा किसी अन्य रीति में या किसी अन्य स्रोत से प्राप्त सभी धन ;

(2) निधि में जमा सभी धन, ऐसे बैंक में जमा किए जाएंगे, जो बोर्ड द्वारा विनिश्चित

किया जाए ।

(3) विश्वविद्यालय की निधि, अनन्यतः विश्वविद्यालय के व्ययों को पूरा करने के मद्दे उपयोजित की जाएगी, जिसके अंतर्गत इस अधिनियम के अधीन उसकी शक्तियों के प्रयोग और उसके कर्तव्यों के निर्वहन में उपगत व्यय भी हैं ।

विन्यास निधि की स्थापना ।

28. धारा 27 में अंतर्वि-ट किसी बात के होते हुए भी, विश्वविद्यालय बोर्ड के पूर्वानुमोदन से किसी विनिर्दि-ट प्रयोजन के लिए और विन्यास निधि में इसकी निधियों से धारा 26 में यथाविनिर्दि-ट धन अंतरित करने के लिए विन्यास निधि की स्थापना कर सकेगा ।

पृथक् निधि ।

29. जब कभी विश्वविद्यालय किसी सरकारी विभाग या किसी अनुसंधान वित्त पो-ाण अभिकरण या किसी लोक या पब्लिक या प्राइवेट सेक्टर उद्योग या किसी विनिर्दि-ट शैक्षणिक कार्यकलाप, जैसे कोई अनुसंधान परियोजना या कोई परामर्शदात्री समनुदेशन या विश्वविद्यालय द्वारा नि-पादित किए जाने वाले किसी सतत शैक्षिक कार्यक्रम को प्रायोजित करने वाले किसी अन्य निकाय से कोई निधि प्राप्त होती है तो धारा 27 के उपबंधों के होते हुए भी, इस प्रकार विनिर्दि-ट प्रयोजन के लिए प्राप्त धन को एक पृथक् निधि में रखा जाएगा और उसे अनन्यतः विनिर्दि-ट समनुदेशन के प्रयोजनों के लिए उपयोजित किया जाएगा ।

लेखा और संपरीक्षा ।

30. (1) विश्वविद्यालय उचित लेखे और अन्य सुसंगत अभिलेख रखेगी और लेखाओं का एक वार्-िक विवरण तैयार करेगी, जिसके अंतर्गत ऐसे प्ररूप में, जो केंद्रीय सरकार द्वारा विहित किया जाए, तुलनपत्र भी है ।

(2) विश्वविद्यालय के लेखाओं की प्रत्येक वर्-ा कम से कम एक बार और पन्द्रह मास से अनधिक के अंतराल पर भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा संपरीक्षा की जाएगी और कोई व्यय, जो भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा ऐसी संपरीक्षा के संबंध में उपगत किए जाएं, विश्वविद्यालय द्वारा उसे संदेय होंगे ।

(3) विश्वविद्यालय के लेखाओं की संपरीक्षा के संबंध में, भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक और उसके द्वारा नियुक्त किसी व्यक्ति के ऐसी संपरीक्षा के संबंध में वही अधिकार, विशे-ाधिकार और प्राधिकार होंगे, जो उसे भारत सरकार के लेखाओं की संपरीक्षा के संबंध मे होते हैं और उसे विशि-टतया बहियों, खातों, संबंधित वाउचरों के साथ ही ऐसे अन्य दस्तावेजों और कागजपत्रों की मांग करने का, जो वह संपरीक्षा करने के लिए सुसंगत समझे और विश्वविद्यालय के कार्यालय के निरीक्षण करने का अधिकार होगा ।

(4) भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक या उसके द्वारा इस निमित्त नियुक्त किए गए किसी अन्य व्यक्ति द्वारा यथा प्रमाणित विश्वविद्यालय के लेखों के साथ ही उन पर

संपरीक्षा रिपोर्ट और उस पर बोर्ड की टिप्पणियों, यदि कोई हों, को वार्षिक रूप से विश्वविद्यालय परि-द् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा ।

(5) विश्वविद्यालय परि-द्, भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के प्रमाणित लेखाओं को केंद्रीय सरकार को भेजेगी और सरकार उसे संसद् के प्रत्येक सदन के समक्ष रखवाएगी ।

वार्षिक रिपोर्ट ।

31. (1) विश्वविद्यालय अपने क्रियाकलापों की वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगा और उसे शासक बोर्ड की टिप्पणियों या संप्रेक्षणों सहित, यदि कोई हों, विश्वविद्यालय परि-द् को भेजेगा और विश्वविद्यालय परि-द् अपने वार्षिक अधिवेशन में रिपोर्ट पर विचार करेगी ।

(2) विश्वविद्यालय परि-द् वार्षिक रिपोर्ट को अपनी टिप्पणियों सहित, यदि कोई हों, भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय को भेजेगी ।

कर्मचारियों के लिए निवृत्ति फायदे और कल्याण स्कीमें ।

32. विश्वविद्यालय अपने कर्मचारियों के फायदे के लिए ऐसे निवृत्ति फायदा स्कीम और कल्याण स्कीम का, जो वह उचित समझे, ऐसी रीति में और ऐसे शर्तों के अधीन रहते हुए, जो परिनियमों द्वारा विहित किए जाएं, गठन करेगी ।

डिग्रियां प्रदान करने की शक्ति ।

33. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1965 या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अंतर्वि-ट किसी बात के होते हुए भी, विश्वविद्यालय इस अधिनियम के अधीन डिग्रियां या अन्य विद्या संबंधी सम्मान और अभिधान प्रदान करने के लिए सशक्त होगी ।

नियुक्तियां ।

34. (1) विश्वविद्यालय और इसके घटक संस्थानों और महाविद्यालयों में कर्मचारिवृंद की सभी नियुक्तियां, जिसके अंतर्गत इसके प्रधान और उपप्रधान भी हैं, परिनियमों में अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार की जाएंगी ।

(2) विश्वविद्यालय और इसके घटक संस्थानों और महाविद्यालयों में विभिन्न पदों के लिए नियुक्ति अधिकारी निम्नलिखित होंगे, अर्थात् :--

(क) प्रधान की नियुक्ति के मामले में कुलाध्यक्ष के पूर्वानुमोदन से प्रतिकुलाधपति ;

(ख) उप प्रधान की नियुक्ति के मामले में कुलाधिपति के पूर्वानुमोदन से बोर्ड ;

(ग) यदि नियुक्ति प्रधान और उप प्रधान से भिन्न सहायक आचार्य या उससे ऊपर के पद के लिए शैक्षणिक कर्मचारिवृंद पद पर की जाती है या यदि नियुक्ति किसी

काडर में गैर शैक्षणिक कर्मचारिवृंद के पद पर की जाती है, जिसके लिए अधिकतम वेतनमान सहायक आचार्य के बराबर या उससे अधिक है ; तो बोर्ड और

(घ) अन्य सभी मामलों में प्रधान ।

35. इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन रहते हुए परिनियमों में निम्नलिखित सभी या किन्हीं वि-यों के लिए उपबंध किया जा सकेगा,- परिनियम ।

(i) विश्वविद्यालय के प्राधिकरणों का गठन, शक्तियां और कृत्य ;

(ii) उक्त प्राधिकरणों के सदस्यों की रिक्तियां भरने की रीति और उन प्राधिकरणों से संबंधित अन्य सभी मामले, जिसके लिए उपबंध किया जाना आवश्यक या वांछित हो ;

(iii) विश्वविद्यालय के अधिकारियों, जिसके अंतर्गत प्रधान, उपप्रधान, कुल सचिव और ऐसे अन्य अधिकारी भी हैं, जो परिनियमों द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकारी घोनित किए जाएं, की पदावधि नियुक्ति की पद्धति, शक्तियां और कर्तव्य ;

(iv) काडर संरचना और विश्वविद्यालय के शिक्षण और अनुसंधान संकाय और अन्य कर्मचारिवृंद की अर्हता ;

(v) वर्गीकरण, नियुक्ति की पद्धति, मिलिटरी और सिविलियन संकायों के बीच समतुल्यता, आमेलन और सेवा के निबंधन और शर्तें, जिसके अंतर्गत पेंशन, बीमा, भवि-य निधि भी हैं, सेवा समाप्ति की रीति और अध्यापन और अनुसंधान संकाय तथा विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारियों के संबंध में अनुशासनिक कार्रवाई ;

(vi) विश्वविद्यालय के साथ कर्मचारियों के संविदा के उपबंधों से उद्भूत होने वाले विवादों के मामले में माध्यस्थम् की प्रक्रिया ;

(vii) शैक्षणिक स्वतंत्रता के सिद्धांत के अधीन संकाय के परमाधिकार सहित संकाय की वृत्तिक आचार संहिता और वृत्तिक कदाचार के लिए उस पर अनुशासनिक कार्रवाई तथा विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी या प्राधिकारी के आदेशों के विरुद्ध अपील की प्रक्रिया ;

(viii) संकाय से भिन्न कर्मचारियों के लिए आचार संहिता और कदाचार के लिए उस पर अनुशासनिक कार्रवाई, जिसके अंतर्गत सेवा समाप्त करना भी है, विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी या प्राधिकारी के आदेशों के विरुद्ध अपील की

प्रक्रिया ;

(ix) सम्मानित डिग्रियों का दिया जाना ;

(x) हरियाणा के गुडगांव जिला के बिनौला और बिलासपुर में विश्वविद्यालय मुख्यालय में और/या भारत के अन्य कैंपस बाह्य स्थानों पर अतिरिक्त घटक संस्थानों, महाविद्यालयों की स्थापना और अध्यापन विभागों का बनाया जाना, अनुसंधान के अंतर्वि-नयक केंद्र, केंद्रीय शैक्षणिक सेवा, सुविधाएं और इकाइयां, कौशल विकास केंद्र, इत्यादि ;

(xi) विद्यमान सशस्त्र बलों और परा सैनिक बल शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों या महाविद्यालयों को संबद्ध संस्थान या महाविद्यालय की हैसियत प्रदान करना ;

(xii) छात्रों, विद्वानों और स्टाफ के लिए छात्रावासों/निवासों की स्थापना और उनको चलाना ;

(xiii) बोर्ड के आदेशों और विनिश्चयों का अधिप्रमाणन ;

(xiv) विश्वविद्यालय परि-द्, शासक बोर्ड, विद्या परि-द् और विश्वविद्यालय के अन्य प्राधिकरणों के अधिवेशन, ऐसे अधिवेशनों की गणपूर्ति और उनके कारबार के संचालन में अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया ;

(xv) विश्वविद्यालय परि-द्, शासक बोर्ड और विश्वविद्यालय के अन्य निकायों के सदस्यों को संदत्त किया जाने वाला यात्रा और अन्य भत्ता ;

(xvi) विश्वविद्यालय के किन्हीं घटक संस्थानों और महाविद्यालयों के साथ ही अनुबद्ध संकाय में कार्य करने वाले शिक्षकों और शैक्षणिक स्टाफ की, संयुक्त परियोजनाएं करने के लिए, किसी विनिर्दि-ट अवधि के लिए नियुक्ति ;

(xvii) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की सेवा की ज्ये-ठता को शासित करने वाले सिद्धांत ;

(xviii) किसी महाविद्यालय या किसी संस्था या किसी विभाग को स्वायत्त हैसियत प्रदान करना ;

(xix) विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित महाविद्यालयों और संस्थाओं का प्रबंध ;

(xx) विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों या अधिकारियों में न्यस्त शक्तियों का

प्रत्यायोजन ;

(xxi) कोई अन्य वि-नय, जो इस अधिनियम के निबंधनानुसार परिनियमों द्वारा विहित किया जाना है ।

परिनियम कैसे बनाए जाएंगे ।

36. (1) विश्वविद्यालय के प्रथम परिनियम इस अधिनियम के अधीन विश्वविद्यालय के निगमन के पश्चात् छह मास के भीतर तथा कुलाध्यक्ष के सम्यक् अनुमोदन के पश्चात् शासक बोर्ड द्वारा बनाए जाएंगे और उसकी एक प्रति संसद् के प्रत्येक सदन में सूचनार्थ रखी जाएगी ।

(2) बोर्ड समय-समय पर इस धारा में इसमें इसके पश्चात् उपबंधित रीति में नए और अतिरिक्त परिनियम बना सकेगा या कोई परिनियम संशोधित या निरसित कर सकेगा :

परंतु तथापि, बोर्ड विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण की हैसियत, शक्तियों या गठन को प्रभावित करने वाला कोई परिनियम तब तक संशोधित या निरसित नहीं करेगा जब तक ऐसे प्राधिकरण को प्रस्तावित परिवर्तनों पर अपनी लिखित राय अभिव्यक्त करने का अवसर न दे दिया गया हो और इस प्रकार अभिव्यक्त राय पर बोर्ड द्वारा सम्यक् रूप से विचार नहीं कर लिया गया हो ।

(3) प्रत्येक नए परिनियम का या किसी अतिरिक्त परिनियम का या किसी परिनियम के किसी भी संशोधन या निरसन का कुलाध्यक्ष द्वारा अनुमोदन अपेक्षित होगा, जो उस पर अपनी अनुमति दे सकेगा या अनुमति को रोक सकेगा या उसे बोर्ड के विचारार्थ वापस भेज सकेगा ।

(4) किसी नए परिनियम या किसी विद्यमान परिनियम को संशोधित या निरसित करने वाले किसी परिनियम की वैधता तब तक नहीं होगी जब तक उस पर कुलाध्यक्ष द्वारा अनुमति न दे दी गई हो ।

(5) कुलाध्यक्ष की अनुमति प्राप्त होने के पश्चात् कोई नया परिनियम या संशोधित परिनियम सूचना और अभिलेख के लिए भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय को भेजा जाएगा ।

अध्यादेश ।

37. इस अधिनियम और परिनियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए, विश्वविद्यालय के अध्यादेश में निम्नलिखित सभी या किन्हीं वि-नयों का उपबंध किया जा सकेगा,-

(i) विश्वविद्यालय में छात्रों का प्रवेश और उनका नामांकन तथा रजिस्ट्रीकरण ;

(ii) विश्वविद्यालय के सभी प्रमाणपत्र, डिप्लोमा और डिग्री कार्यक्रमों के लिए अध्ययन पाठ्यक्रम, जिसके अंतर्गत स्वायत्त अनुबद्ध संस्थाओं और महाविद्यालयों में

किए जाने वाले कार्यक्रम भी हैं ;

(iii) विश्वविद्यालय के प्रमाणपत्र, डिप्लोमा या डिग्री में प्रवेश दिए जाने वालों के लिए निवास और शैक्षणिक अपेक्षाएं, जिसके अंतर्गत उनके प्रतिपाल्य के लिए स्नातक अपेक्षाएं भी हैं ;

(iv) अध्येतावृत्ति, छात्रवृत्ति, वजीफा, छात्र सहायता वृत्ति, पदक और पारिपोनिक संस्थित करने और देने की शर्तें ;

(v) परीक्षाओं का संचालन, जिसके अंतर्गत परीक्षा निकायों, परीक्षकों और अनुसीमकों की नियुक्ति की शर्तें और पद्धति तथा कर्तव्य भी हैं ;

(vi) शिक्षण और परीक्षाओं का माध्यम ;

(vii) अध्यापन की प्रणाली तथा पाठ्यक्रमों, थीसिस और परियोजनाओं का मूल्यांकन और निर्धारण ;

(viii) विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रीकृत छात्रों को अनुपस्थिति के लिए छुट्टी प्रदान करने की शर्तें ;

(ix) विश्वविद्यालय का शैक्षणिक कलैन्डर ;

(x) विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए आचार संहिता, जिसके अंतर्गत आचार संहिता के भंग या अतिक्रमण के लिए अनुशासनिक कार्रवाई और विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी या प्राधिकारी के कार्रवाई के विरुद्ध अपील की प्रक्रिया भी है ;

(xi) छात्रावासों और अन्य निवासों में छात्रों और विद्वानों के निवास की शर्तें और उनमें निवास के लिए फीसों और अन्य प्रभारों का उद्ग्रहण ;

(xii) विश्वविद्यालय में अध्ययन पाठ्यक्रम करने के लिए तथा विश्वविद्यालय की परीक्षाओं, प्रमाणपत्रों, डिप्लोमाओं और डिग्रियों में प्रवेश से लिए उद्गृहीत की जाने वाली फीसें और अन्य प्रभार ;

(xiii) उचित और पर्याप्त कारणों से डिग्रियों, डिप्लोमाओं, प्रमाणपत्रों और अन्य विद्या संबंधी सम्मानों को वापस लेने की शर्तें ;

(xiv) अध्येतावृत्ति, छात्रवृत्ति, अध्ययनवृत्ति, पदक और पारितोनिक का संस्थित किया जाना और उनके दिए जाने की शर्तें ; और

(xv) कोई अन्य वि-नय, जो इस अधिनियम द्वारा या इसके अधीन विरचित परिनियमों द्वारा अध्यादेशों के माध्यम से उपबंधित किया जाना है या किया जाए ।

अध्यादेश किस प्रकार बनाए जा सकेंगे ।

38. (1) इस धारा में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, अध्यादेश विद्या परि-नद् द्वार बनाए जाएंगे ।

(2) विद्या परि-नद् द्वारा बनाए गए सभी अध्यादेश ऐसी तारीख से प्रभावी होंगे, जो वह निदेश करे । किन्तु इस प्रकार बनाया गया प्रत्येक अध्यादेश यथाशीघ्र बोर्ड को भेजा जाएगा और उस पर बोर्ड द्वारा उसके अगले उत्तरवर्ती अधिवेशन में विचार किया जाएगा ।

(3) बोर्ड को संकल्प द्वारा किसी ऐसे अध्यादेश को प्रस्तावित रूप में अनुमोदित या उपांतरित या रद्द करने की शक्ति होगी और ऐसा अध्यादेश ऐसे संकल्प की तारीख से, यथास्थिति, अनुमोदित या तदनुसार, यथास्थिति, उपांतरित या रद्द हो जाएगा ।

विनियम ।

39. विश्वविद्यालय के प्राधिकरण ऐसे किसी मामले के लिए, जो विनियमों के माध्यम से उपबंधित किए जाने हैं या किए जाएं, उपबंध करने के लिए इस अधिनियम और उसके अधीन विरचित किए गए परिनियमों और अध्यादेशों के उपबंधों के अनुरूप और इस शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना विनियम बना सकेंगे । ऐसे विनियमों में उनके स्वयं के, और ऐसी स्थायी तथा तदर्थ समितियों के, जो उनके द्वारा नियुक्त की जाएं और जिनके लिए अधिनियम, परिनियमों और अध्यादेशों में उपबंध नहीं किए गए हैं, कारबार के संचालन के लिए उपबंध किए जा सकेंगे ।

संबद्ध संस्थाएं और महाविद्यालय ।

40. (1) धारा 5 की उपधारा (2) में यथा उपबंधित विश्वविद्यालय के प्रारंभ पर संबद्ध संस्थानों/महाविद्यालयों के रूप में विश्वविद्यालय के विशे-नाधिकार प्राप्त संस्थानों और महाविद्यालयों को अपने क्रमशः शैक्षणिक, प्रशासनिक और वित्तीय मामलों का प्रबंध करने की पूर्ण स्वायत्ता होगी और वे डिग्रियां और डिप्लोमा देने के प्रयोजनों के लिए विश्वविद्यालय की अधिकारिता के अधीन होंगे :

परंतु ऐसे संस्थान या महाविद्यालय अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों और छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन के निर्धारण की पद्धति के लिए स्नातक अपेक्षाओं की बाबत विश्वविद्यालय की सहमति लेंगे । इसके अतिरिक्त उनके सिविलियन संकाय के लिए सेवा के निबंधन और शर्तों तथा भर्ती प्रक्रिया ऐसी होगी जो समय-समय पर विश्वविद्यालय के सिविलियन संकाय के लिए परिनियमों में विहित की जाए ।

(2) तथापि, ऐसे संस्थान और महाविद्यालय, जिन्हें धारा 5(3) के उपबंध के अनुसार

किसी पश्चात्वर्ती तारीख पर संबद्ध संस्थान/महाविद्यालय के रूप में विश्वविद्यालय के विशे-ाधिकार दिए जाते हैं, ऐसे निबंधनों और शर्तों से शासित होंगे, जो संबद्ध किए जाने के समय विश्वविद्यालय द्वारा विहित किए जाएं ।

अध्याय 3

प्रकीर्ण वि□य

रिक्तियों, आदि से कार्यो और कार्यवाहियों का अविधिमान्य न होना ।

41. विश्वविद्यालय या विश्वविद्यालय परि-नद् या शासक बोर्ड या विद्या परि-नद् या इस अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए परिनियमों के अधीन स्थापित किसी अन्य निकाय का कोई कार्य केवल इस कारण से अविधिमान्य नहीं होगा कि -

(क) उसमें कोई रिक्ति या उसके गठन में त्रुटि है ; या

(ख) उसके किसी सदस्य के रूप में कार्य करने वाले किसी व्यक्ति के निर्वाचन, नामनिर्देशन या नियुक्ति में त्रुटि है ; या

(ग) उसकी प्रक्रिया में कोई अनियमितता है, जिससे मामले के गुणागुण पर प्रभाव नहीं पड़ता हो ।

विश्वविद्यालय प्राधिकरणों और निकायों के गठन के बारे में विवाद ।

42. यदि यह प्रश्न उठता है कि क्या कोई व्यक्ति सम्यक् रूप से नियुक्त या नामनिर्देशित किया गया है या नहीं अथवा क्या विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या अन्य निकाय का सदस्य होने का हकदार है या नहीं, तो मामला विश्वविद्यालय परि-नद् को निर्दि-ट किया जाएगा, जिस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा ।

सद्भावनापूर्वक की गई कार्रवाई के लिए विधिक संरक्षण ।

43. (1) विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध किसी ऐसी बात के लिए कोई वाद या विधिक कार्यवाहियां नहीं होंगी जो सद्भावपूर्वक की गई हैं या किया जा आशयित है, जो इस अधिनियम और उसके अधीन विरचित परिनियमों और अध्यादेशों के अनुसरण में बोर्ड द्वारा सम्यक् जांच के पश्चात् विनिश्चित की जाएं :

परंतु यदि सम्यक् जांच के पश्चात् बोर्ड द्वारा यह विनिश्चित किया जाता है कि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा कोई कार्रवाई सद्भावपूर्वक नहीं है तो निम्नलिखित के अनुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी,-

(क) सशस्त्र बलों के कार्मिक के लिए, यथास्थिति, सेना अधिनियम, नौ सेना अधिनियम और वायु सेना अधिनियम ;

(ख) सिविल सरकारी कर्मचारियों के लिए सीसीएस नियम ;

(ग) केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के लिए नियम ;

(घ) परा सैनिक बलों और आसूचना सेवाओं के लिए नियम और विश्वविद्यालय द्वारा नियोजित सभी अन्य सिविलियनों के लिए इस अधिनियम के उपबंध ।

(2) विश्वविद्यालय रक्षा मंत्रालय की संस्था होगी और विश्वविद्यालय की नामावली पर सशस्त्र बलों के कार्मिकों से संबंधित अनुशासनिक मामलों के प्रयोजनों के लिए सांख्यिकीय इकाई क्रम संख्या नियत की जाएगी :

परंतु शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक प्रकृति के छोटे अपराधों के लिए सशस्त्र बलों के अधिकारियों या अन्य कर्मचारियों का विचारण विश्वविद्यालय में सेवारत् सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, परा सैनिक बलों और आसूचना सेवाओं से बुलाए गए सेवारत अधिकारियों को प्रत्यायोजित ऐसी अनुशासनिक शक्तियों के अनुसार स्वयं विश्वविद्यालय द्वारा किया जा सकेगा, जो शासक बोर्ड द्वारा अनुमोदित की जाए ।

परिनियमों का राजपत्र में प्रकाशित किया जाना और संसद् के समक्ष रखा जाना ।

44. (1) इस अधिनियम के अधीन बनाए गए प्रत्येक परिनियम, अध्यादेश या विनियम को राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा ।

(2) इस अधिनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक परिनियम, जिसके अंतर्गत उसका संशोधन भी है, बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र, संसद् के प्रत्येक सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल तीस दिन की अवधि के लिए रखा जाएगा । यह अवधि एक सत्र में अथवा दो या अधिक आनुक्रमिक सत्रों में पूरी हो सकेगी । यदि उस सत्र के या पूर्वोक्त आनुक्रमिक सत्रों के ठीक बाद के सत्र के अवसान के पूर्व दोनों सदन उस परिनियम में कोई परिवर्तन करने के लिए सहमत हो जाएं तो, तत्पश्चात् वह ऐसे परिवर्तित रूप में ही प्रभावी होगा । यदि उक्त अवसान के पूर्व दोनों सदन सहमत हो जाएं कि वह परिनियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात् वह निप्रभाव हो जाएगा । किन्तु परिनियम के ऐसे परिवर्तित या निप्रभाव होने से उसके अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

(3) परिनियम बनाने की शक्ति के अंतर्गत परिनियमों या उनमें से किसी को उस तारीख से, जो इस अधिनियम के प्रारंभ की तारीख से पूर्वतर न हो, भूतलक्षी प्रभाव देने की शक्ति भी होगी किन्तु किसी परिनियम को भूतलक्षी प्रभाव इस प्रकार नहीं दिया जाएगा जिससे कि किसी ऐसे व्यक्ति के, जिसको ऐसा परिनियम लागू हो, हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े ।

कठिनाइयों को दूर करने की शक्ति ।

45. (1) यदि इस अधिनियम के उपबंधों को प्रभावी करने में कोई कठिनाई उत्पन्न

होती है, तो केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा, ऐसे उपबंध कर सकेगी या ऐसे निदेश दे सकेगी, जो इस अधिनियम के उपबंधों से असंगत न हों, और जो उस कठिनाई को दूर करने के लिए उसे आवश्यक या समीचीन प्रतीत हों :

परंतु ऐसा कोई आदेश इस अधिनियम के प्रारंभ से तीन वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात् नहीं किया जाएगा ।

(2) इस धारा के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश, किए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र संसद् के दोनों सदनों के समक्ष रखा जाएगा ।

कर्मचारियों की सेवा की शर्तें ।

46. (1) आकस्मिकता की स्थिति में कार्य प्रभार पर या दैनिक मजदूरी आधार पर नियुक्त व्यक्तियों के सिवाय विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारी सेवा की लिखित संविदा के अधीन नियुक्त किए जाएंगे और संविदा के निबंधन और शर्तें इस अधिनियम, परिनियमों और अध्यादेशों के उपबंधों के असंगत नहीं होगी ।

(2) उपधारा (1) में निर्दिष्ट संविदा की एक प्रति विश्वविद्यालय में रखी जाएगी और उसकी एक प्रति संबंधित कर्मचारी को दी जाएगी ।

(3) विश्वविद्यालय और उसके किसी कर्मचारी के बीच संविदा से उद्भूत होने वाला कोई भी विवाद संबंधित कर्मचारी के अनुरोध पर या विश्वविद्यालय के अनुरोध पर ऐसे माध्यस्थम् अभिकरण को निर्दिष्ट किया जाएगा जिसमें बोर्ड द्वारा नामनिर्देशित एक सदस्य, कर्मचारी द्वारा नामनिर्देशित एक सदस्य और विश्वविद्यालय परिषद् द्वारा नियुक्त एक अधिनिर्णायक होंगे ।

(4) अधिकरण का विनिश्चय अंतिम होगा और अधिकरण द्वारा विनिश्चित मामले की बाबत किसी सिविल न्यायालय में कोई वाद नहीं होगा ।

(5) माध्यस्थम् अधिकरण को निर्दिष्ट किए जाने वाले किसी ऐसे मामले की बाबत जो उपधारा (1) द्वारा अपेक्षित है, किसी न्यायालय में कोई वाद या कार्यवाही नहीं होगी ।

(6) माध्यस्थम् अधिकरण को अपनी स्वयं की प्रक्रिया अपनाने और विनियमित करने की शक्ति होगी ।

(7) माध्यस्थम् अधिकरण से संबंधित तत्समय प्रवृत्त किसी विधि की कोई बात इस धारा के अधीन माध्यस्थमों को लागू नहीं होगी ।

अपील का अधिकार ।

47. इस अधिनियम या परिनियमों या अध्यादेशों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, विश्वविद्यालय के प्रत्येक कर्मचारी या छात्र को विश्वविद्यालय के, यथास्थिति, किसी

अधिकारी या प्राधिकरण के विनिश्चय के विरुद्ध बोर्ड को अपील करने का अधिकार होगा और तदुपरि बोर्ड अपील किए गए विनिश्चय को पु-ट, उपांतरित कर सकेगा या उलट सकेगा ।

अंतरिम उपबंध ।

48. (1) इस अधिनियम और परिनियमों में अंतर्वि-ट किसी बात के होते हुए भी,-

(i) प्रथम विश्वविद्यालय परि-द् में धारा 13 की उपधारा (2) में निदि-ट विश्वविद्यालय परि-द् के पदेन सदस्य होंगे और ऐसे समय तक पदधारण करेंगे जब तक उस धारा के उपबंधों के अनुसार विश्वविद्यालय परि-द् का गठन नहीं कर दिया जाता ;

(ii) शासक बोर्ड में धारा 15 की उपधारा (1) में यथानिर्दि-ट शासक बोर्ड के पदेन सदस्य होंगे और तब तक पद धारण करेंगे जब तक उस धारा के उपबंधों के अनुसार विश्वविद्यालय परि-द् का गठन नहीं कर दिया जाता ;

(2) शासक बोर्ड और विश्वविद्यालय परि-द् के पदेन सदस्य तब तक प्रथम बोर्ड का गठन करेंगे जब तक तीन मास के भीतर नामनिर्देशित सदस्यों को नामनिर्देशित नहीं कर दिया जाता ।

नियत तारीख को या उसके पश्चात् और विद्या परि-द् के गठन किए जाने तक विद्या परि-द् के कृत्यों का पालन प्रधान, जो इसका अध्यक्ष होग, द्वारा गठित अंतरिम शैक्षणिक योजना बोर्ड द्वारा किया जाएगा ।

(3) अधिनियम और परिनियमों में अंतर्वि-ट किसी बात के होते हुए भी,-

(क) प्रथम प्रधान केंद्रीय सरकार द्वारा ऐसी रीति में और ऐसी शर्तों पर, जो उचित समझे जाएं, नियुक्त किया जाएगा और इतनी अवधि के लिए पद धारण करेगा जो केंद्रीय सरकार द्वारा विनिर्दि-ट की जाए ।

(ख) प्रथम कुल सचिव की नियुक्ति केंद्रीय सरकार द्वारा की जाएगी और वह तीन व-र् की अवधि के लिए पद धारण करेगा ।